सम्राट चौधरी
मंत्री
पंचायती राज विभाग
बिहार सरकार

बिहार सरकार

Samrat Choudhary
Minister
Department of Panchayati Raj
Government of Bihar

पत्रांक 181 (आ०)   दिनांक 22/05/2021

श्रद्धेय नीतीश मिश्रा जी

लखनौर, मधेपुर, झंझारपुर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैरवस्थान में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कुछ आवश्यक उपकरण एवं सामग्री आपूर्ति हेतु आपका पत्र प्राप्त हुआ है।

जिलाधिकारी, मधुबनी को आवासीय कार्यालय के पत्रांक–177, दिनांक–22.05.2021 द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्टाइड अनुदान राशि से शीघ्र आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है।

सादर सूचनार्थ।

(सम्राट चौधरी)

सेवा में,
श्री नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री–सह–सदस्य
बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर, पटना–800014

Residence Office : 11M, Strand Road, Patna- 800001
Telephone No.- 0612-2215088 (O) Mob. : 9431114448 | Email : minprdbihar@gmail.com
Residence - House No.- 47, Kautilya Nagar, M.L.A. Colony, B.V. College, Patna-800014
Email : samratchoudhary301@gmail.com

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

पत्रांक - 201/21
दिनांक - 21/05/2021

माननीय मंत्री महोदय,

विषय:- वर्तमान कोविड संकट के दृष्टिगत पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

कोरोना संक्रमण काल मे विगत वर्ष से ही पंचायती राज विभाग त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर रूप से विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। इसी के अंतर्गत जिला परिषदों को 15वें वित्त आयोग के मद का कोविड सम्बन्धी व्यवस्था में उपभोग की अनुमति प्रदान करना अत्यंत सराहनीय निर्णय है। वर्तमान परिदृश्य में ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सामग्रियों को बढाने की आवश्यकता है जिसमें पंचायती राज विभाग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकता है। 15वें वित्त आयोग तथा अन्य उपलब्ध मद से ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से आमजन को कोविड के उपचार में अत्यधिक सुविधा होगी।

उक्त परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 वैश्विक महामारी के द्वितीय चरण की भयावहता को देखते हुए मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र के लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड मुख्यालय पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व झंझारपुर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैरवस्थान (झंझारपुर) पर निम्नलिखित आवश्यक सामग्री/स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता है जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

सामग्री (प्रति अस्पताल)	मात्रा
1.ऑक्सीजन सिलेंडर	5 पीस
2.नेबुलाइजर मशीन	5 पीस
3.बी. पी. मशीन	5 पीस
4.पल्स ऑक्सीमीटर	10 पीस
5.थर्मल स्कैनर	5 पीस
6.ग्लूकोमीटर	5 पीस
7.ग्लब्स	5000 पीस

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in

8.मरीज के लिए ट्रॉली	5 पीस
9.स्ट्रेचर	5 पीस
10.रूम पंखा	10 पीस
11.आला	5 पीस
12.एम्बुलेंस	2 (अनिवार्य रूप से)
13.बेड	10 पीस
14.ऑक्सीफ़्लोमीटर	10 पीस
15.शव वाहन	1

उपरोक्त सामग्री/स्वास्थ्य उपकरण के अतिरिक्त उक्त अस्पतालों की मरम्मत, मरीजों के तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल व शौचालय की उपलब्धता अति आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित सामग्रियों/सुविधाओं को लखनौर एवं मधेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैरवस्थान (झंझारपुर) पर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओ सहित।।

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 21.5.21

सेवा में,

श्री सम्राट चौधरी,

माननीय मंत्री,

पंचायती राज विभाग,

बिहार सरकार, पटना।